ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Evaluation Board

Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ - 1

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 1 : 2026-27

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

   जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।

[Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8x1=8

1. 'बेचना' शब्द का विलोम रूप है –

(A) लाना (B) खरीदना

(C) बचाना (D) देना ।

2. 'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) पिता (B) मित्र

(C) भाई (D) पति ।

3. निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –

(A) रास्ता (B) चीज़

(C) आँख (D) दुकानें ।

4. 'पहनना' शब्द का 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है –

(A) पहनाना (B) पहनवाना

(C) पहचान (D) पहनावा ।

5. 'एकैक' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृध्दि (D) अयादि ।

6. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है –

(A) राजवंश (B) जलप्रपात

(C) दोपहर (D) देश-विदेश ।

7. एक ईमानदार डेलिगेट मेरे कमरे _____आये।

रिक्त स्थान में सही 'कारक चिह्न' होगा –

(A) में (B) की

(C) के लिए (D) ने ।

8. यह टोली क्या करेगी ?

वाक्य में प्रयुक्त 'विराम चिह्न' है –

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

(C) उद्धरण चिह्न (D) अल्प विराम ।

II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4

9. कलाम की माता : आशियम्मा : : कलाम की बहन : _____

10. दोस्तों की पहली मुलाकात : हाथी से : : दोस्तों की दूसरी मुलाकात : _____

11. कावेरी : नदी : : जोग : _____

12. मुखिया का गुण : मुँह के समान : : संत का गुण : _____

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4

13. रोज़ एक सेब खाने से क्या लाभ है ?

14. सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया ?

15. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?

16. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16

17. दूकानदार ने सेब के बारे में लेखक से क्या कहा ?

18. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार स्पष्ट कीजिए।

19. परसाईजी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

20. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की तारीफ कैसे की ?

21. दिनकर जी के अनुसार आधुनिक मानव की भौतिक साधनाएँ क्या-क्या हैं ?

22. यशोदा क्यों खुश हो जाती है ?

23. सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

अथवा

शनि ग्रह का वायुमंडल किन-किन गैसों से बना है ?

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

अथवा

मीना मैडम कार्यशिबिर के अंत में छात्रों को क्या संदेश देती है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9x3=27**

25. गिल्लू के प्रति लेखिका अपना प्रेम कैसे प्रकट करती है ?
26. इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।
27. बचेंद्री का जीवन सचमुच प्रेरणादायक है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।
28. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए।
29. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर क्यों खुश था ? विवरण दीजिए।
30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
31. "समय अत्यंत अनमोल है।" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ हैं।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : **2x4=8**

34. बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पं.राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता_____

_____

_____

_____भागो तुम।

VII. गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4

36. शिक्षा मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण आधार है । शिक्षा से व्यक्ति को ज्ञान , संस्कार और अच्छेबुरे की समझ प्राप्त होती है-। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझता है। शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनने और जीवन में सही निर्णय लेने में सहायता करती है । शिक्षा के माध्यम से हम समाज और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं । शिक्षा हमारे व्यक्तित्व का विकास करती है और आत्मविश्वास बढ़ाती है । इसलिए प्रत्येक बच्चे को मन लगाकर शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए ।

अ) शिक्षा से व्यक्ति को कैसी समझ प्राप्त होती है ?

आ) शिक्षा व्यक्ति को कैसे सहायता करती है ?

इ) हम किसके माध्यम से समाज और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं ?

ई) शिक्षा किसका विकास करती है ?

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 से 15 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 1x4=4

37. क) इंटरनेट

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का महत्व
* इंटरनेट से लाभ
* उपसंहार ।

ख) जनसंख्या की समस्या

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
* जनसंख्या नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ग) समय का महत्व

* प्रस्तावना
* समय का महत्व
* समय का सदुपयोग
* उपसंहार ।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1x5=5

38. कोई सकारण देते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

अथवा

'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में बताते हुए मित्र के नाम एक पत्र लिखिए ।

==========